
हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

11 लुखी स्कूल में खंड स्तरीय स्पेल बी कार्यक्रम का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



12 बारिश के बाद ठंडे पड़े मौसम के तेवर एक माह बाद छाया घना कोहरा



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
सुनहरा अवसर
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
आप सभी के लिए
100 गज का प्लाट मात्र
1 लाख में* लक्की ड्रा के तहत
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### यूटीआर ट्रांजेक्शनों से उड़ाए हजारों रुपये

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने यूटीआर ट्रांजेक्शनों के माध्यम से एक महिला के एसबीआई बैंक खाते से लगभग 93 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस शिकायत में मंदोला निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि उसका बैंक खाता एसबीआई में है। उसने अपने बैंक खाते से यूपीआई या नेटबैंकिंग शुरू नहीं की हुई है। इसके बावजूद दो दिनों के दौरान उसके खाते से 9 ट्रांजेक्शनों के जरिए 92870 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

### श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 23 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ रवि राव मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डॉ. पवन यादव न्यूरो सर्जरी, डॉ. मनीष यादव ईएनटी, डॉ. कंचन यादव नेत्ररोग व डॉ. अजीत सिह यादव चर्मरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव मरीजों को फिजियोथरेपी की सेवाएं देंगे।

### ईको कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**रेवाड़ी।** एनएच-71 पर खेड़ा गांव के पास ईको कार की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। उत्तम नगर निवासी निहाल सिंह बाइक लेकर किसी काम से खेड़ा गांव की ओर गया था। जब वह रोहड़ाई मोड़ से खेड़ा गांव की ओर जा रहा था तो एक ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। निहाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बातों में उलझाकर महिला के कुंडल निकालकर फरार

**रेवाड़ी।** अनाजमंडी गेट के पास बाइक सवार दो लोग एक महिला को बातों में उलझाकर उसके कानों के कुंडल निकालकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में अनाजमंडी निवासी पार्वती देवी ने बताया कि वह मंडी के गेट के पास चीटियों को दाना डालने के लिए गई थी। जब वह दाना डाल रही थी तो एक बाइक पर दो लोग वहां आ गए। इन लोगों ने उससे कहा कि वह उसके हाथ पर एक पर्ची रखेंगे। पर्ची उठाते ही उसके 1500 रुपये बन जाएंगे। दोनों ने उसे काफी देर तक बातों में उलझाए रखा। इसके बाद कानों के कुंडल निकालकर बाइक से फरार हो गए। उसने काफी शोर भी मचाया। पुलिस ने उसकी सूचना पर केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### जमीन नहीं मिलने से ढाई साल से लटका हुआ नए वाटर वर्क्स का निर्माण

# जमीन नहीं मिली तो गर्मी में फिर सूखे रहेंगे हलक शहरवासियों को किस्तों में मिल रहा पीने का पानी

■ पानी के टैंकों की स्टोरेज क्षमता कम, नए वाटर वर्क्स के लिए लगातार जमीन तलाश कर रहा पब्लिक हेल्थ विभाग

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

आगामी डेढ माह में गर्मी पूरी तरह अपने चरम पर पहुंचने वाली है। हर साल की तरह इस बार शहर के लोगों को भारी गर्मी में किस्तों में ही पानी मिलेगा। नहरी पानी समय पर नहीं आने की स्थिति में शहर के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा। लगभग एक दशक से चल रही पेयजल की समस्या का समाधान अभी तक नहीं होने का खामियाजा शहर के लोगों को हर साल गर्मी के सीजन में भुगतना पड़ता है। एक दशक से जन स्वास्थ्य विभाग स्टोरेज की क्षमता कम होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति अल्टरनेट-डे करता आ रहा है। समस्या उस समय और भी विकराल हो जाती है, जब नहरी पानी का आपूर्ति में विलंब हो जाता है। शहर के लोगों को टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है। पब्लिक हेल्थ विभाग को शहर की पानी की किल्लत को दूर करने के लिए एक साल से नए वाटर वर्क्स के लिए जमीन नहीं मिल पाई है। अब पब्लिक हेल्ध्थ विभाग की ओर से जमीन खरीद के लिए ई-भूमि पोर्टल के जरिये जमीन खरीद की तैयारी की जा रही है, लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिल सकी है। जिले में इस बार एक फरवरी को जेएलएन नहर आने के बाद 16 फरवरी को नहर में पानी आना बंद हो गया था, इसके बाद से शहर को एम दिन छोड़कर एक दिन पानी दिया जा रहा है। पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से अब शहर से करीब 7 किलोमीटर दूर गांव भाड़ावास में नए वाटर वर्क्स के लिए जमीन देखी गई है।





**रेवाड़ी।** कालाका वाटर वर्क्स स्थित पानी का टैंक, 16 फरवरी को बंद हुई जेएलएन नहर। फोटो :हरिभूमि

### जमीन की लगातार की जा रही तलाश

*नए वाटर वर्क्स बनाने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है, लेकिन जगह नहीं मिलने के कारण योजना सिरे नहीं चढ़ पा रही है। ढाई साल से जगह की तलाश की जा रही है। शहर के साथ लगते गांवों में जमीन की तलाश लगातार जारी है। अभी कार्य अंडर प्रोसेस है। भाड़ावास गांव में जमीन देखी है। जल्द ही जमीन मिलने की उम्मीद है।*

*-विनय चौहान, एक्सईएन, जनस्वास्थ्य विभाग।*

### स्टोरेज करने में टैंकों की कमी

विभाग के पानी स्टोर करने के लिए टैंकों की भारी कमी है। कालाका वाटर वर्क्स पर पांच और लिसाना में तीन वाटर टैंक हैं। लिसाना में एक वाटर टैंक का निर्माण होने से कुछ हद तक आधे शहर की समस्या दूर हुई है। दोनों वाटर वर्क्स प्लांटों की क्षमता को देखते हुए शहर में पानी की डिमांड पूरी करना आसान नहीं है। इसके लिए कम से कम चार वाटर टैंकों के साथ नए वाटर वर्क्स की आवश्यकता है। वाटर वर्क्स का निर्माण करने के लिए विभाग को कम से कम पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। विभाग की ओर से लंबे समय से जमीन की खोज की जा रही है।

### आबादी के हिसाब से स्टारेज क्षमता कम

शहर कह आबादी 1.5 लाख से अधिक हो चुकी है। कालाका वाटा वर्क्स के पांच टैंकों की क्षमता 950 गैलन पानी स्टोरज की है, जबकि लिसाना के दो वाटा टैंकों की क्षकता 340 गैलन व एक नए वाटर टैंक की पानी स्टोरेज क्षमता 32 करोड़ 640 लाख लीटर है। शहर में प्रतिदिन करीब 35 मिलियन लीटर पानी की खपत होती है। लिसाना वाटर वर्क्स से प्रतिदिन 7 मिलियन लीटर पानी की खपत होती है। कालाका वाटर वर्क्स से प्रतिदिन 28 मिलियन लीटर पानी की खपत होती है। पब्लिक हेल्थ के पास कालाका वाटर वर्क्स में पांच और लिसाना में पानी के तीन स्टोरेज टैंक हैं। नहरी पानी के नियमित रूप से नहीं आने के कारण इन टैंकों की स्टोरेज क्षमता शहर को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं दे पा रही है। पब्लिक हेल्थ विभाग के उपभोक्ता भी बढ़ते जा रहे है। इसके अलावा कई नई कॉलोनियों में भी काफी कनेक्शन किए जा चुके है। जोकि बिना रजिस्टर्ड हुए चल रहे है। शहर की आबादी बढ़ने के साथ टैंकों की स्टोरेज क्षमता कम पड़ने लगी है।

# कपड़े की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर लगाया 2.59 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खासापुरा के एक कारोबारी को साइबर ठगों ने कपड़े की फ्रेंचाइजीज देने के नाम पर 2.59 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। प्लास्टिक दाना की फैक्ट्री चलाने वाले खासापुरा निवासी विशाल रस्तोगी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने एक ब्रांडेड कंपनी के कपड़े की फ्रेंचाइजीज लेने के लिए गूगल पर सर्च किया था। उसके बाद उसके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे संबंधित कंपनी की फ्रेंचाइजीज देने की बात कहते हुए एक ऑनलाइन फार्म भरवा लिया। इसके बाद उसके खाते से 2.59 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। उसे कई दिनों तक कोई फ्रेंचाइजीज नहीं मिली, तो उसे साइबर ठगी का पता चला। उसने डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार ईएसआई की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

एनएच-71 पर खेड़ा गांव के पास ईको कार की चपेट में आकर बाइक सवार पुलिस के ईएसआई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बाद में ईएसआई का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह लगभग डेढ़ साल बाद ही सेवानिवृत्त होने वाले थे। मूल रूप से बावल के ओढ़ी का रहने वाला निहाल सिंह जिला पुलिस में ईएसआई के पद पर तैनात था। वह इस समय ईआरवी पर ड्यूटी कर रहा था। वह परिवार के साथ उत्तम नगर कॉलोनी में रहता था। वीरवार देर सायं निहाल सिंह बाइक लेकर रोहड़ाई की ओर जा रहा था। जब वह रोहड़ाई मोड़ से खेड़ा गांव की ओर जा रहा था तो एक ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। निहाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। इसके बाद मृतक का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।



ईएसआई निहाल सिंह का फाईल फोटो।

■ राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

### एसपी ने व्यक्त की संवेदना

ईएसआई निहाल सिंह को करीब डेढ़ साल बाद ही सेवानिवृत्त होना था। सेवानिवृत्ति से पहले ही उनके आकस्मिक निधन से परिवार सदमे में है। एसपी मयंक गुप्ता ने ईएसआई के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

## डीटीपी ने अवैध रूप से बने वेयरहाउसों पर चलाया पीला पंजा

**रेवाड़ी।** डीटीपी की ओर से शुक्रवार को धारूहेड़ा में अवैध निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। डीटीपी की कार्रवाई के दौरान भरी पुलिसबल मौजूद रहा। शुक्रवार को डीटीपी की टीम पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ धारूहेड़ा पहुंची। डीटीपी की टीम ने राजस्व सीमा मसानी व खटावली में अवैध रूप से विकसित हो रहे कमर्शियल वेयरहाउसों को जमींदोज कर दिया।

### प्लाट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें

डीटीपी राजेन्द्र टी शर्मा ने कहा कि लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



डीटीपी राजेन्द्र टी शर्मा।



**रेवाड़ी।** अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

## पीट-पीटकर पिता की हत्या का आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रालियावास में पिता के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट करने के बाद हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 19 फरवरी की रात रालियावास निवासी लालचंद अपने घर की बैठक में शराब पीने के बाद पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। उसकी पत्नी फूलबती ने पुलिस बयान में बताया कि उसने अपने पति को गाली-गलौज करने से मना किया, परंतु वह शांत नहीं हुआ। इसी दौरान उसका छोटा बेटा अरविंद उर्फ मोनू वहां आ गया। उसने फूलबती को पकड़कर कमरे से बाहर कर दिया। इसके बाद उसने अपने पिता के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। दरवाजा अंदर बंद होने के कारण कोई बचाव नहीं कर सका। इसी दौरान उसका बड़ा बेटा व आसपास के लोग भी वहां आ गए। मोनू ने अपने पिता के गुप्तांग दबाने शुरू कर दिए। पिता के चिल्लाने के बाद बड़े बेटे ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस के आने से पहले ही मोनू वहां से फरार हो गया। बड़े बेटे मनोज ने अपने पिता को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। 20 फरवरी को लालचंद को छुट्टी मिलने के कारण घर भेज दिया गया, परंतु घर आने के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फूलबती के बयान पर हत्या का केस दर्ज करने के बाद मोनू को गिरफ्तार कर लिया।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में पिता की हत्या का आरोपी।

प्रतियोगिता | राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा में 14वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद प्रतियोगिता में अनु को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

■ प्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल भावना के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा में 14वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. अजय कुमार थे। खेल उत्सव के छात्राओं ने दूसरे दिन 100 मीटर, 400 मीटर, हाईजंप के फाइनल राउंड के साथ थ्री लेग रेस व लेमन रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल भावना के लिए प्रेरित किया। खेल उत्सव में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अनु बीए सैकेंड ईयर ने जीता। कॉलेज के उप प्राचार्य डा. सुशील दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. ज्योति, डा. कविता, डा. रवि, अमित, कृष्ण, सुषमा व गीता सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।





**रेवाड़ी।** विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य व स्टाफ, बेस्ट एथलीट अनु को पुरस्कृत करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### बंद मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**जाटूसाना।** दखोरा गांव में चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में रेनुका ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि उसके मकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद जब वह घर पहुंची तो मकान के बाहर व अंदर के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। चोर अलमारी से सोने का कड़ा, मंगलसूत्र, डायमंड सेट, झुमकी व अन्य जेवरात के साथ-साथ 70 हजार रुपये भी चोरी कर ले गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद जाटूसाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



लोमड़ी 10 अलग-अलग तरह की आवाज़ें निकाल सकती है।





गाय एक ऐसा जानवर है जो कि खड़े रहकर भी सो सकती है।



# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

## दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

## आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद



### क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

### कोर्स

कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

### करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

### शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलेपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

### योग्यता

- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतू यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

### आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलद्दी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

**खबर संक्षेप**

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** करीब तीन साल पहले एक नाबालिग का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म का शिकार बनाने के आरोपी को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 12 नवंबर 2021 को शहर की एक कॉलोनी निवासी सौरव के खिलाफ अपहरण व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता का सिविल अस्पताल से मेडिकल भी कराया था। वारदात के बाद से आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## फतेहपुर में मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता 26 को

**मंडी अटेली।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर फतेहपुर में भोले बाबा का मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी को किया जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी प्रधान रामप्रताप ने बताया कि मेले में कुश्ती प्रतियोगिता 50 रुपये से लेकर 11 हजार तक करवाई जाएगी।

## श्रीबांके बिहारी गोशाला में श्रीराम कथा 25 से

**सतनाली मंडी।** गांव जड़वा स्थित श्री बांके बिहारी गोशाला में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। गोशाला समिति से मिली जानकारी के अनुसार गोशाला परिसर में कथावाचक ब्रह्मचारी शिव बली महाराज वृंदावन के सानिध्य में 25 फरवरी से तीन मार्च तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातः पांच से 6:30 बजे तक प्रार्थना, प्रवचन एवं प्रभातफेरी, दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक भजन कीर्तन, कथा तथा रात्रि 7:30 से नौ बजे तक भजन कीर्तन व सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

## गाली गलौज कर मारपीट करने पर 11 पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के एक गांव में बूस्टिंग स्टेशन चलाने वाले युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने पर 11 नामजद पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बजाड़ निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह बूस्टिंग स्टेशन चलाता है। गत 25 जनवरी को जब वह बूस्टिंग स्टेशन को खोलने के लिए गया तो वह पर जोगेन्द्र ने उसे स्टेशन खोलने नहीं दिया एवं उसके साथ गाली गलोच कर मारपीट की।

### विजेता प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

# लुखी स्कूल के खंडस्तरीय स्पेल बी कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में शुक्रवार को खंड स्तरीय स्पेल बी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड संसाधन समन्वयक डा. राजेन्द्र यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे,जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव ने की। कार्यक्रम में कक्षा छठी से आठवीं व कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड संसाधन समन्वयक डा. राजेन्द्र ने बताया कि सभी विजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कक्षा 6 से 8 की डिबेट प्रतियोगिता में कक्षा छठी में प्रथम स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ के युवराज ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से लक्की प्रथम, कक्षा आठवीं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़यिनी से राखी प्रथम, वर्तनी प्रतियोगिता हिंदी में राजकीय मिडिल स्कूल गुजरवास से कक्षा छठी की किरण प्रथम, राजकीय हाई स्कूल बव्वा से कक्षा सातवीं की प्रिया प्रथम, कक्षा आठवीं में राजकीय मिडिल स्कूल सुर्खपुर से दिव्या प्रथम, कहानी लेखन में कक्षा छठी से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोली की इच्छा प्रथम, कक्षा सातवीं में राजकीय मिडिल स्कूल खेड़ी की नाचीता प्रथम तथा कक्षा आठवीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी की शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्पेल बी इंग्लिश में कक्षा छठी से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली के हर्ष ने प्रथम, कक्षा सातवीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़यिनी की मानवी ने प्रथम और कक्षा आठवीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर की डिंपल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज ऑन टेंस में कक्षा 9वीं में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाल से रिया ने प्रथम, कक्षा दसवीं में राजकीय कन्या उच्च स्कूल गुड़यिनी से जिया कुमारी ने प्रथम, कक्षा 11वीं में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुड़यिनी से मयंक प्रथम व कक्षा 12वीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली की शिल्पी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन में कक्षा 9वी से गुड़यिनी स्कूल की प्रियंका ने प्रथम,कक्षा दसवीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल की मोहिनी ने प्रथम, कक्षा 11वीं से लुखी स्कूल की हिना ने प्रथम व कक्षा 12वीं में भाकली स्कूल की अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में कारोली स्कूल से कक्षा नवीं की तमन्ना ने प्रथम, कक्षा दसवीं से लुखी स्कूल की अंजलि ने प्रथम, कक्षा ग्यारहवीं में लुखी स्कूल की मोनिका ने प्रथम तथा कक्षा 12वीं में राजकीय स्कूल कोसली की शिल्पी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय के लेखा सहायक दिनेश सुरेहली, अंशु यादव, बीआरपी सुरेता, सुरेन्द्र सिंह, रामानंद यादव व मंजीत सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**कक्षा नवीं से बारहवीं तक के रिजल्ट**

कक्षा 9 से 12वीं की डिबेट प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी के जतिन ने प्रथम, कक्षा दसवीं से राजकीय कन्या हाई स्कूल गुड़ियानी की मुस्कान ने प्रथम, कक्षा ग्यारहवीं से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी की गरिमा ने प्रथम तथा कक्षा 12वीं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी की तनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



रेवाड़ी। कैंप के समापन पर मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# सतनाम चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

- जाटूसाना कॉलेज के एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाटूसाना

राजकीय महाविद्यालय जाटूसाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शिव मोहन गोशाला में चल रहे सात दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। मुख्य अतिथि डीसी अभिषेक मीणा स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कॉलेज की प्राचार्य डा. प्रीति यादव ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मनोज यादव चेयरपर्सन एवं सरपंच प्रतिनिधि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गोशाला प्रधान जय सिंह ने डीसी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि डा. प्रवीन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर चंडीगढ़ ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अर्थव्यवस्था के बारे तथा किशोरावस्था में सही व गलत मार्ग के चयन के मध्य होने वाले द्वंद को लेकर मार्गदर्शन किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आशावादी ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गो माताओं को पौष्टिक आहार खिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है और ज्ञान से बड़ा कोई हथियार नहीं है। हंसराज उप प्रधान ने गोमाता का भजन सुनाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सुनील कुमार ने शिविर के सातों दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्या ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए, उन्हें सफल जीवन के चार सूत्रों कठिन मेहनत, दूरदृष्टि, पक्का इरादा व अनुशासन से परिचित कराया। शिविर के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में बीए प्रथम वर्ष के छात्र सतनाम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मनोज यादव जाटूसाना सरपंच प्रतिनिधि, राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. देवेंद्र सिंह, डा. महेश कुमार, सुमित कुमार, कवि कुमार, तरुण कुमार, धीरज कुमार, विकास जाखड, धीरेन्द व दीपक यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विवेकानन्द पीजी कॉलेज डहीना के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

- एनएसएस शिविर का आयोजन इंदिरा गांधी विवि मीरपुर के तत्वावधान में शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डहीना

विवेकानन्द पीजी कॉलेज डहीना की ओर से शुक्रवार को गांव में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। एनएसएस शिविर का आयोजन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के तत्वावधान में शुरू हुआ। विवेकानन्द शिक्षा समिति के चेयरमैन रामानन्द यादव ने शिविर का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को भारत सरकार के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के सपनों को साकार रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत विषय पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य पवन कुमार व उप प्राचार्या मीना यादव ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की एनएसएस कार्यकारी अधिकारी ज्योति मुदगिल ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व से अवगत कराया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



रेवाड़ी। एनएसएस शिविर में साफ-सफाई करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## आशियाना वृद्धाश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**रेवाड़ी।** बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट, लायंस क्लब रेवाड़ी, भारत विकास परिषद की श्री राम शाखा एवं विवेकानंद शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 23 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक आशियाना वृद्धाश्रम झज्जर रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंग। सीए जतिन सैनी ने कहा कि रक्तदान न केवल एक जीवन को बचाता है, बल्कि समाज में एक नई ऊर्जा और आशा का संचार करता है। छोटा सा प्रयास किसी के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

# नाहड़ स्कूल में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

- बच्चों ने कहानी, कविता, काव्य पाठ, शब्द लेखन व श्यामपट्ट सजावट में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

शहीद जीतराम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रभारी यशवंत पाल की अध्यक्षता तथा वेदपाल की देखरेख में किया गया। इस मौके पर बच्चों ने कहानी, कविता, काव्य पाठ, शब्द लेखन व श्यामपट्ट सजावट में भाग लिया। मंच संचालन विज्ञान अध्यापक कृष्ण कुमार भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने कहानी एवं कविताएं सुनाई। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में एसएमसी सदस्य, पंच व अभिभावक उपस्थित रहे। स्कूल प्रभारी ने अभिभावकों, ग्राम वासियों और स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया व बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, संजय कुमार, मोहित कुमार, धर्म सिंह मीणा, देवेंद्र, सोमवीर, डीपीई पवन कुमार, साबर, हर्ष कुमार व रवि कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, अभिभावक व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने बीएमजी मॉल के पीछे एक युवक को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि सेक्टर-3 में रह रहा मूल रूप से अजय नगर निवासी दीपक उर्फ कानिया आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। वह बीएमजी मॉल के पीछे अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एक रेडिंग पार्टी तैयार की। जब पुलिस बीएमजी मॉल के पीछे पहुंची तो वहां खड़े एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तोल बरामद हुआ। चेक करने पर पिस्तोल के बैरल से एक जिंदा कारतूस भी मिली। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विरोध प्रदर्शन को तेज किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय, जोनल और प्रधान कार्यालयों के सामने प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में ग्राहक सेवा और कर्मचारी कल्याण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रमुख मांगों पर प्रकाश डाला गया। यूनियनों की एक मुख्य मांग बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की शुरूआत की है। यूनियन नेताओं ने बताया कि मार्च 2024 के द्विपक्षीय समझौते और संयुक्त नोट के दौरान भारतीय बैंक संघ और यूनियनों ने 5-दिवसीय सप्ताह को लागू करने के लिए एक समझौता किया था और एक औपचारिक सिफारिश को मंजूरी के लिए सरकार को भेज दिया, लेकिन एक साल बीतने पर भी सरकार ने अभी तक इस बदलाव को अधिसूचित नहीं किया है। यूएफबीयू के प्रवक्ता ने कहा कि बैंकों की 24 गुणा 7 डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले से ही उपलब्ध हैं और अधिकांश सरकारी और कॉर्पोरेट कार्यालय सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में 5-दिवसीय सप्ताह को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इससे ग्राहक सेवा और उत्पादकता में बढ़ोतरी ही होगी। यूनियन नेताओं ने कहा कि एक मजबूत कार्यबल न केवल बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है, बल्कि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का दबाव भी कम करता है, जिससे बैंकिंग परिचालन की गुणवत्ता में सुधार होता है। कर्मचारियों की कमी के कारण शाखाओं में बढ़ते कार्यभार, पदोन्नति, स्थानांतरण और कर्मचारी कल्याण के संबंध में निष्पक्ष और पारदर्शी नीतियां सुनिश्चित करने और बैंकिंग क्षेत्र में अनुचित श्रम प्रथाओं व निजीकरण के प्रयास का विरोध किया। वक्ताओं ने बताया कि इस आंदोलन को लेकर 3 मार्च को दिल्ली में धरना और 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विरोध प्रदर्शन को तेज और तेज किया जाएगा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, अभिभावक व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### गांव के मुख्य मार्ग पर नहीं घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी का प्रबंध

# कालड़ावास के मुख्य मार्ग पर काले पानी की सजा

- ग्रामीणों ने की समस्या के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

बावल क्षेत्र के गांव कालड़ावास के मुख्य मार्ग की दयनीय हालत बनी हुई है। गांव के बस अड्डे से नैचाना को जाने वाले मेन रोड पर गंदा पानी जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण आसपास के घरों की नालियों से निकलने वाली पानी सड़क पर जमा होकर कीचड़ में तब्दील हो चुका है। लंबे समय से सड़क पर जमा पानी ने गाद का रूप ले लिया है। ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। समस्या को लेकर गांव के सरपंच संदीप के प्रयास करने पर भी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीण अतर सिंह, दीवान सिंहश वेदप्रकाश, जिले सिंह, सविता देवी व माया देवी ने बताया कि सड़क पर जमा काले पानी से उठती दुर्गंध के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। गंदे पानी में पनप रहे मच्छरों के कारण लोगों में बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। सरपंच को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन एक साल से गंदगी में रहने को मजबूर है। गंदे पानी के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर न तो नालियां बनी हुई है और न ही गंदे पानी की निकासी का अन्य कोई प्रबंध है, जिसके कारण गंदा पानी पूरे मार्ग पर फैलता जा रहा है। कीचड़ में तब्दील हुए गंदे पानी में कई बार टू-व्हीलर भी फंस रहे है। जिला प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। एक साल से समाधान नहीं हो रहा।

**एक साल से नहीं हो रहा समाधान**



रेवाड़ी। गांव कालड़ावास के मुख्य मार्ग पर जमा गंदा पानी।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर चार पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव बेगपुर निवासी विजयपाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि गत नौ फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ प्लांट में सफाई करने गये थे जहां पर गांव के निवासी राजु , संदीप, हर्ष, सार्थक प्लाट मे अन्दर आये और धमकी देकर कहा कि बाहर निकल जाओ इस प्लांट पर अब वह कब्जा करेंगे। आपस मे कुछ कहा सुनी तो उक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी।

**सरपंच ग्राम पंचायत सुम्मा खेड़ा**
**ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी हरियाणा-123401**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सुम्मा खेड़ा, खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन एवं सिग्रेशन का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 02.03.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत सुम्मा खेड़ा के नाम भेज सकते हैं। जिस पर "डोर टू डोर कलैक्शन एवं सिग्रेशन कार्य कुटेशन" लिखा होना अनिवार्य है। प्राप्त कुटेशन का अध्ययन / अवलोकन दिनांक 04.03.2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत सुम्मा खेड़ा के कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।

हस्ता/- रोहताश, सरपंच, ग्राम पंचायत सुम्मा खेड़ा, खण्ड जाटुसाना (रेवाड़ी), मो. 9416691546

## खबर संक्षेप

### बूस्टिंग स्टेशन से हजारों रुपये का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** मुंढलिया के बूस्टिंग स्टेशन से चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बूस्टिंग स्टेशन पर तैनात कर्मचारी ज्ञान प्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह 19 फरवरी को स्टेशन पर बने कमरे का ताला बंद करने के बाद चला गया था। अगले दिन वह सप्लाई चलाने के लिए गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। चोर कमरे से एक स्टार्टर, चार प्लास्टिक पाइप व लगभग 50 फीट केबल चोरी कर ले गए। उसने सरपंच को सूचना देने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व आगजनी मामले में दो आरोपी काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने पाडला में गत वर्ष नवंबर माह में मारपीट करने व ट्रैक्टर को आग लगाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में पाडला निवासी बाबूलाल और राजेश ने आरोप लगाया था कि वह अपने खेत में कड़बी लाने के लिए ट्रैक्टर लेने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव निवासी सुमेर, महेंद्र व उनके परिवार के सदस्यों ने उन पर हमला कर दिया। बाद में ट्रैक्टर को आग लगा दी गई। पुलिस ने 24 नवंबर 2024 को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने महेंद्र और अनिल को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### सत्य ही शिव है-शिव ही सुंदर है कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भगवान शिव की उपासना का कार्यक्रम सत्य ही शिव है-शिव ही सुंदर है का आयोजन 23 फरवरी को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि एलीगेंट सिटी के निदेशक रवि गुप्ता कार्यक्रम में मुख्यातिथि व पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार जलवा विशिष्टातिथि रहेंगे।

### कॉलेज के लिए घर से निकली युवती लापता

**कोसली।** एक कॉलोनी में रहने वाली मूल रूप से झज्जर के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती कॉलेज के लिए घर से जाने के बाद लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी झज्जर जिले के एक कॉलेज में पढ़ती है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही है। 20 फरवरी को वह घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी।

## वायरल बुखार का प्रकोप भी बढ़ा, ओपीडी में मरीजों की लाइन

# बारिश के बाद ठंडे पड़े मौसम के तेवर, एक माह बाद छाया घना कोहरा






रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही सरसों की फसल व नागरिक अस्पताल में दवाईयां लेते हुए मरीज। फोटो: हरिभूमि

**बरसात और कोहरे से फसलों को हुआ फायदा, एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

बीते बुधवार की रात जिले में हुई हल्की बरसात के बाद मौसम के तेवर ठंडे पड़ गए हैं। तापमान में गिरावट के बाद ठंड ने वापसी की है। कोहरे ने एक माह बाद उपस्थिति दर्ज कराई है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में बदलाव से वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में बुखार, खांसी और जुकाम के मरीज बढ़ रहे हैं। औसत तीन एमएम बरसात के बाद शुक्रवार सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। सड़कों पर कोहरे की विजिबिलिटी कम रही, जिस कारण सुबह 10 बजे तक वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही। कई ट्रेनों का संचालन भी देरी से हुआ। अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 24 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान में भी 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर आने से मौसम ठंडा हो गया है। लोगों को एक बार फिर से गर्म कपड़े संभालने पड़ रहे हैं। लगभग एक सप्ताह बाद दिन के तापमान में गिरावट आई है। सुबह के समय आसमान में घने बादल छाए रहने से ठंड का प्रकोप बना रहा। दोपहर बाद आसमान साफ होने से तेज धूप खिली, जिसके बाद ठंड का असर कुछ कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान में भी मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### फसलों के लिए अनुकूल बना मौसम

इस समय रबी की प्रमुख फसलें गेहूं और सरसों पकाव की ओर अग्रसर हैं। मौसम गर्म होने के कारण सरसों की फसल के रोग की चपेट में आने की आशंका बनी हुई थी, जबकि गेहूं में दीमक का प्रकोप शुरू हो गया था। दोनों फसलों को गर्म मौसम से बड़े नुकसान की आशंका थी। मौसम ठंडा पड़ने के कारण दोनों फसलों का अच्छा पकाव होने की संभावना बन गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगर कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है, तो दोनों फसलों में अच्छा पकाव होगा। दाना मोटा होने से फसल उत्पादन भी बढ़ेगा।

### एंटीबायोटिक के इस्तेमाल से बचें



डॉ. यादव ने बताया कि वायरल बुखार तीन-चार दिन में अपने आप ठीक हो जाता है। बुखार आने पर एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल से बचना चाहिए। बुखार आने पर मरीज को दूसरे लोगों के संपर्क में आने से बचना चाहिए। बच्चों को बुखार आने के बाद स्कूल नहीं भेजें। श्वास व दमा के मरीजों को ज्यादा एतिहात बरतने की आवश्यकता है। ऐसे मरीजों को खुद उपचार लेने की बजाय विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर ही दवा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह मौसम जनित रोग है, जो कुछ दिन में बिना दवा के ही ठीक हो जाता है।

### वायरल ने एक बार फिर पैर पसारे

मौसम में बदलाव के साथ ही वायरल बुखार के मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़नी शुरू हो गई है। नागरिक अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में भी वायरल के मरीज आ रहे हैं। सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने बताया कि बीते 15 दिसंबर के बाद ही वायरल का प्रकोप बढ़ गया था। मौसम गर्म होने के बाद मरीजों की संख्या कम हो गई थी। अब मौसम में बदलाव से एक बार फिर वायरल के मरीज बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुखार के साथ-साथ मरीज को खांसी, जुकाम व गले में दर्द की शिकायत हो रही है। इससे मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं है।



रेवाड़ी। सेमिनार में मौजूद आयकर अधिकारी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## टीडीएस की वैधानिक प्रक्रियाओं एवं प्रावधानों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

आयकर विभाग की ओर से जिले के सभी सरकारी विभागों के साथ टीडीएस के संबंध में सेमीनार आयोजित किया गया। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता आयकर अधिकारी अमित मित्तल ने की। सेमिनार में ज्यादातर विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारी व लेखाकर उपस्थिति थे। कार्यालय अधीक्षक हरपाल सिंह ने टीडीएस की वैधानिक प्रक्रियाओं एवं प्रावधानों की जानकारी दी। समय पर टीडीएस की कटौती एवं भुगतान न करने पर जुर्माना व अभियोग के प्रावधान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अनुभाग 271 सी/271सीए के तहत जुर्माना टीडीएस की अदायगी के 100 प्रतिशत तक हो सकता है तथा अनुभाग 276बी/276बीबी और 278ए के तहत संबंधित टीडीएस की धाराओं की अनुपालना न होने पर 3 महीने से 7 साल तक के कठोर कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है। आयकर अधिकारी अमित मित्तल ने विभिन्न समस्याओं का निदान सुझाया। कार्यक्रम के दौरान टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान नरेश अग्रवाल, अधिवक्ता संजय चौहान एवं मनीष अग्रवाल भी उपस्थित थे। आयकर अधिकारी मितल ने कहा कि सभी टीडीएस विभाग से सम्पर्क कर अपनी लंबित मामलों को खत्म करें ताकि विभिन्न विभागों की कर देयता समाप्त की जा सके।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आज

**रेवाड़ी।** मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए कार्यरत नव प्रेरणा संस्था के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 22 फरवरी को होगा। राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 25, 50 व 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा शार्टपुट थ्रो, सोफ्टबाल थ्रो, लंबी कूद के साथ बोच्ची, रनिंग जंप व बैडमिंटन खेल मुकाबले होंगे। पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे तथा डा. पवन गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। पंजाबी समाज के प्रधान सचिन मलिक, विनोद जोशी व रामपाल यादव सहित अनेक प्रबुद्धजन मानसिक दिव्यांग बच्चों को सम्मानित करेंगे।

## महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मिल रहा तीन लाख रुपये तक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। हरियाणा सरकार की विधवा अनुदान योजना के तहत महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि महिलाओं की पारिवारिक आय 3 लाख रुपये या इससे कम होने पर ही योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। डीसी ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की योजना के तहत महिलाएं डेयरिंग, वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस व स्कूल यूनिफार्म सिलने का काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के महिलाओं को आवेदक पत्र, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पति का मत्यु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र की दो-दो फोटो कॉपी सती कॉलोनी स्थित हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय में जमा करानी होगी।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं

- जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैंक अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो: हरिभूमि

शुक्रवार को जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम सुरेंद्र कुमार, एलडीएम राजीव रंजन सहित नाबार्ड व विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात, केसीसी ऋण की उपलब्धि, शिक्षा ऋण, कृषि ऋण संबंधी उपलब्धियों, प्रधानमंत्री जनधन खाते, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। डीसी ने बैंक प्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य महत्वकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक तेजी लाने का निर्देश दिए। सभी बैंकर्स को ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री स्वरोजगार सज्रन योजना, मुद्रा लोन, लखपति दीदी योजना सहित अन्य योजना संबंधित लक्ष्य को लेकर शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने पर बल दिया। डीसी ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना व अटल पेंशन योजना में वृद्धि दर्ज करने के भी निर्देश दिए।

### खाटू श्याम जी मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए दस जोडी ट्रेनों में बढ़ाए साधारण श्रेणी डिब्बे

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी मेले के यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 जोड़ी रेलसेवाओं में साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 28 फरवरी से 15 मार्च तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 28 फरवरी से 15 मार्च तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा में 28 फरवरी से 15 मार्च तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## कैंप में 185 यूनिट ब्लड हुआ एकत्रित

- दिनेश मितल ने 15वीं बार रक्तदान किया, बोले-रक्तदान से नहीं आती कमजोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली



रेवाड़ी। रक्तदान करते हुए युवा व एक रक्तदाता को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

कोसली की सामाजिक संस्था आमजन विकास सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को बहु गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने स्वेच्छा से 185 यूनिट रक्तदान किया। समिति सदस्य दिनेश मितल ने 15वीं बार रक्तदान किया। रक्त एकत्रित करने के लिए आशीर्वाद ब्लड बैंक गुरुग्राम की टीम मौजूद रही। इस मौके पर समिति संरक्षक मुकेश कुमार गर्ग, प्रदीप शमा, डा. बलवान, डा. जिले सिंह, संजय मित्तल, अनिल अग्रवाल, अमृत शर्मा, पूर्व सरपंच अजीत खेडा, सन्नी कुमार, मन्गौरी सेवा समिति सदस्य संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सतीश तंवर, डा. मनोज भारद्वाज व डा. अनिल सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## कंपनी कर्मी को ऑटो से टक्कर मारी, बाइक छीनकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



प्राइवेट अस्पताल में भर्ती अमित कुमार।

आसलवास फ्लाईओवर के पास ऑटो में सवार बदमाश बदमाश टक्कर मारने के बाद नाले में गिराकर कंपनी कर्मचारी की बाइक चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। घायल कंपनी कर्मचारी को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। लोधाना निवासी अमित कुमार बावल औद्योगिक एरिया की एक कंपनी में कार्यरत है। रात को वह घर से बाइक लेकर कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था। आसलवास पुल के पास एक ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अमित बाइक से गिर गया। कुछ युवकों ने अमित को जमीन से उठाने के बाद हाइवे किनारे नाले में धकेल दिया। इसके बाद वह बाइक लेकर फरार हो गए।

### राजकीय महिला महाविद्यालय पाली में दो दिवसी राष्ट्रीय सेमिनार

## कला से कलाकार समाज के पहलुओं को करता है उजागर

- कुलपति ने कहा कि कला केवल एक अभिव्यक्ति का रूप नहीं है, बल्कि यह समाज और संस्कृति की होती हैं जड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। सेमिनार में अपने विचार रखते कुलपति जेपी यादव। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय पाली में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से दो दिवसी राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयप्रकाश यादव ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. करण सिंह यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि कला केवल एक अभिव्यक्ति का रूप नहीं है, बल्कि यह समाज और संस्कृति की जड़ भी होती हैं। कला के माध्यम से कलाकार समाज में अपनी पहचान स्थापित करता है और समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करता है। आरडीएस कॉलेज के निदेशक डा. दलबीर सिंह ने कहा कि पाली महाविद्यालय को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के द्वारा प्रोजेक्ट वर्क और सेमिनार के लिए 25 लाख रुपए की राशि दी गई है, जोकि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

### लोकनाट्य से फैलाई जा सकती है जागरूकता

हेमेंद्र चंडालिया ने लोकनाट्य कलाकार और कला विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि लोकनाट्य के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई जा सकती है और सामाजिक बदलाव लाए जा सकते है। पहले दिन के सत्रों में लोकनाट्य के विभिन्न रूपों जैसे नाटक, रंगमंच और लोक नृत्य पर चर्चा की गई, साथ ही समाज में कलाकारों के प्रभाव और कलाकारों के संघर्षों पर भी विचार किया गया। सेमिनार का उद्देश्य भारतीय लोकनाट्य की समृद्ध परंपरा को पुनः जीवित करना और इसे भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचना है। सेमिनार के दूसरे दिन लोकनाट्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। सेमिनार में मच संचालन डा. ज्योति यादव ने किया। इस मौके पर समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद था।

### घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर महिला को चाकू मारा

**कोसली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में महिला को अकेली पाकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर उसने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटना के चंद घंटों बाद ही आरोपी को जेल का रास्ता दिखा दिया। एक गांव निवासी महिला शादी समारोह में परिवार के साथ भाग लेने के लिए गई थी। परिवार के सदस्य बाद में बारात में शामिल हो गए। महिला अपने घर आ गई। पुलिस बयान में महिला ने आरोप लगाया कि गढ़ी निवासी अजीत उसके मकान में घुस गया। उसने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब विरोध किया तो चाकू से हमला कर दिया।